NIHR | Leicester Biomedical Research Centre

संक्षिप्त सूचना प्रपत्र

# GENVASC अध्ययन और आपकी NHS स्वास्थ्य जाँच

## क्या आप हमारी ऐसे अनुसंधान के लिए सहायता करना चाहेंगे जिससे हृदयरोग को रोका जा सके?

जब आप अपनी NHS स्वास्थ्य जाँच करवाएँगे उस समय हम आपको GENVASC अध्ययन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करना चाहेंगे। आपको हृदयरोग अथवा परिसंचरण से संबंधित अन्य समस्याएँ होने के जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए आप NHS स्वास्थ्य जाँच करवा रहे हैं। जाँच में आपके रक्त के नमूने पर परीक्षण किया जाता है और ऐसे कारकों की जाँच की जाती है जिनका हमारी जानकारी के अनुसार आपको हृदय और रक्तवाहिनियों से संबंधित रोग होने की संभावनाओं पर प्रभाव पड़ सकता हो, जैसे आपकी आयु, लिंग, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल के स्तर और आप धूम्रपान करते हैं या नहीं अथवा आपको मधुमेह है या नहीं।

जिन पर अधिक जोखिम हो ऐसे लोगों की पहचान करने में और निवारक उपायों को जल्द ही लागू करने में हमारी सहायता करने के लिए ये सभी चीज़ें महत्वपूर्ण हैं।
हालाँकि, ये परीक्षण संपूर्ण नहीं है और जिन पर कम अथवा मध्यम जोखिम हो ऐसे लोगों को आगे चलकर हृदय और रक्तवाहिनियों से संबंधित समस्याएँ होती हैं। ऐसा इसलिए होता है कि कुछ अन्य कारण भी काम करते हैं, उदाहरण के तौर पर अन्य परिवारों की तुलना में कुछ परिवारों में हृदय और रक्तवाहिनियों से संबंधित रोग अक्सर ज्यादा पाए जाते हैं, इसलिए जीन्स और डीएनए भी हृदयरोग होने के जोखिम की बढ़ौतरी में कारणभूत होते हैं।

## GENVASC अध्ययन किस बारे में है?

हृदयरोग के जोखिम पर प्रभाव डालने वाले जीन्स की पहचान करने में हाल में काफी प्रगति हुई है। GENVASC अध्ययन (जो जेनेटिक्स ऐन्ड दि वास्क्युलर हैल्थ चेक प्रोग्राम का संक्षिप्त रूप है) में आप जैसे हज़ारों लोग शामिल हैं और इस अध्ययन का उद्देश्य यह देखना है कि परीक्षण किए गए जोखिम के अन्य कारकों में आनुवांशिक जानकारी सम्मिलित करने से इस बात का पूर्वानुमान लगाने में सुधार करने में सहायता मिल सकती है कि हृदय और रक्तवाहिनीयों से संबंधित रोग का जोखिम किस व्यक्ति पर है।

## इस में क्या शामिल है?

अध्ययन में भाग लेना बहुत सरल है, क्योंकि इसके साथ आपके स्वास्थ्य की जाँच जुड़ी हुई है। आपको केवल एक सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने हैं जो हमें अनुसंधान में आपकी कुछ चिकित्सीय
जानकारी का गोपनीय रूप से उपयोग करने देगी और हमें रक्त का नमूना देगी। अधिकतम परिस्थितियों में आपके स्वास्थ्य की जाँच के समय ही रक्त का नमूना लिया जाएगा और आगे की कार्रवाई के लिए कोई मुलाकातें अथवा उपचार नहीं हैं।

## मेरे रक्त के नमूने और डाटा का क्या होगा?

अध्ययन में उपयोग हेतु NIHR लीसेस्टर कार्डियोवास्क्युलर बायोमेडिकल रिसर्च सेन्टर में आपके रक्त का नमूना और डाटा सुरक्षित रूप से संग्रहित किए जाएँगे।

## मुझे कैसे पता चलेगा कि इस अध्ययन में मेरी सहभागिता गोपनीय रहेगी?

इस अध्ययन में आपकी सहभागिता गोपनीय रहेगी, क्योंकि आपको एक अनोखा अध्ययन क्रमांक जारी किया जाएगा। आपके रक्त का विश्लेषण करने वाले अनुसंधानकर्ता केवल आपका नंबर जानते होंगे, आपका नाम नहीं।

## अधिक जानकारी के लिए

यह महत्वपूर्ण अनुसंधान क्यों किया जा रहा है उसके बारे में जानने के लिए, कृपया आपको दिया गया विस्तृत सहभागी सूचना प्रपत्र पढ़ें। विस्तृत सूचना प्रपत्र पढ़ने के बाद अथवा
बाद में किसी भी समय यदि आप निकल जाना चाहते हैं तो आप अपनी देखभाल अथवा कानूनी अधिकारों के प्रति किसी भी पूर्वाग्रह के बिना ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं।

भाग लेना स्वैच्छिक है, परंतु आप भाग लें ऐसा अनुरोध है। यदि बड़ी संख्या में लोग भाग लेने के लिए आगे आते हैं तो अच्छे परिणाम मिलेंगे और भविष्य में अन्य रोगियों का जीवन बचाने में सहायता मिल सकती है।

NHS
University Hospitals of Leicester
NHS Trust

UNIVERSITY OF LEICESTER

NHS
Leicester City Clinical Commissioning Group
West Leicestershire Clinical Commissioning Group
East Leicestershire and Rutland Clinical Commissioning Group

GENERAL PRACTICE ALLIANCE

DocMed NORTHAMPTONSHIRE

3SIXTY CARE PARTNERSHIP

LAKESIDE HEALTHCARE

संस्करण 3.0 12 सितंबर 2013